# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–15.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने दूसरे दिन पूछताछ के बाद किया गिरफ्तार, कारोबारी विष्णु अग्रवाल के रांची स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान का ईडी अधिकारियों ने किया सर्वे।**
2. **दुमका, राजमहल और गोड्डा के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच में तेरह पर्चे रद्द, कुल 55 प्रत्याशियों के नामांकन स्वीकृत 17 मई तक उम्मीदवार ले सकेंगे नाम वापस।**
3. **राज्य में पांचवें और छठे चरण के चुनाव को लेकर प्रचार में आयी तेजी, असम के मुख्यमंत्री ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में की रैलियां, इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी किया प्रचार।**
4. **राज्य में दो वर्षों में करीब तेइस हजार साइबर अपराध की हुई घटना, पुलिस ने ग्यारह करोड़ रूपये से अधिक की राशि फ्रीज कर एक करोड़ रूपये पीड़ितों को कराये वापस।**

**समाचार विस्तार से।**

*******************

टेंडर कमीशन घोटाला और नकदी बरामदगी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को आज गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले ईडी आज दूसरे दिन भी श्री आलम से घंटों पूछताछ की। कल भी ईडी ने श्री आलम से लगभग 9 घंटे तक पूछताछ की थी।

इधर जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज कारोबारी विष्णु अग्रवाल के व्यवसायिक प्रतिष्ठान में सर्वे किया। गौरतलब है कि श्री अग्रवाल को ईडी ने फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन खरीदने के आरोप में पिछले वर्ष 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वे जमानत पर हैं।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य की तीन सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट के लिए नामांकन जांच में कुल 55 प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि नामांकन जांच में इन तीनों सीटों के लिए तेरह पर्चे अस्वीकृत किये गये। इस चरण के लिए आगामी सत्रह मई तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के मतदान की व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने से मतदान बेहतर होगा। वहीं मतदान दिवसों को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था से मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा। बेहतर मतदान के लिए चुनाव कार्य से जुड़े सभी लोग समेकित प्रयास करें। श्री कुमार आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे चरण में संपन्न मतदान एवं आगामी चरण के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां रिज़र्व ड्यूटी वाले चुनाव कर्मी का सहयोग लिया जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में गति लाई जा सके।

*******************

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में खूब पसीना बहा रहे हैं। प्रत्याशियों के अलावा सभी दलों के शीर्ष नेता लगातार चुनावी सभाओं के जरिए उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांग रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा ने गिरिडीह

जिले के देवरी में कोडरमा से पार्टी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। श्री सरमा ने धनबाद के चिरकुंडा में पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने रामगढ़ जिले के चितरपुर में हजारीबाग के पार्टी प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

*******************

इधर गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड के खरीयोडीह में आज इंडी गठबंधन की चुनावी सभा हुई। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह और गांडेय विधान सभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के पक्ष में मतदान करने अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने दावा किया कि झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत होगी। इस मौके पर गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार का चुनाव संविधान बचाने का हैं। चुनावी सभा को मंत्री हफीजुल हसन और बना गुप्ता समेत कई लोगों ने संबोधित किया।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 19 मई को फिर झारखंड दौरे पर आयेंगे। वे जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा और राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। वहीं पार्टी के स्टार प्रचारक सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आएंगे। वे 17 मई को रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे और 18 मई को बोकारो में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

*******************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने दावा किया है कि चार चरण के लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद इंडिया गठबंधन को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिलना तय हो गया है। उन्होंने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब और तीन चरण के चुनाव शेष रह गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दो चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद ही यह स्पष्ट हो गया था कि वर्तमान प्रधानमंत्री को अगला जनादेश नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी के कार्यक्रम से इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है।

*******************

अपराध अनुसंधान विभाग, सीआईडी के साइबर अपराध थाने में मार्च 2022 से अबतक 22,924 मामले दर्ज हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये फ्रीज किये गये। सीआईडी के साइबर अपराध थाना की पुलिस उपाधीक्षक नेहा बाला ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि फरवरी से लेकर अब तक पिछले तीन महीने में साइबर अपराध थाने में साइबर ठगी से संबंधित 18 मामलों में पीड़ितों को पैसा वापस कराया गया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार 791 रुपये पीड़ितों को वापस कराया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर लोग साइबर अपराध की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर ठगी की रिपोर्टिंग के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल की शुरुआत की है।

*******************

राज्य के मौसम में एक बार फिर से गर्मी का एहसास शुरू हो गया है। आंशिक बादल के साथ ही तापमान में वृद्धि से लोगों को गर्मी और उमस का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने आगामी 19 मई तक राज्य के अधिकांश जिलों में आंशिक बादल छाये रहने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, 20 मई से राज्य के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना है। केंद्र के अनुसार 20 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले चार दिनों तक राज्य के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जायेगी।

*******समाप्त*******